## गिरिडीह नगर निगम की अनूठी पहल

# नए व पुराने फुटपाथ विक्रेताओं को नगर निगम कराएगा सर्वे

### डाटाबेस तैयार कर विभिन्न तरह की योजनाओं से जोड़ने की चल रही तैयारी

## फुटपाथ विक्रेताओं का नगर निगम कराएगी सर्वे

### डाटा बेस तैयार कर स्ट्रीट वेंडरों को सरकारी लाभ देने की ...



(प्रात: आवाज)

गिरिडीह : शहर के फुटपाथ दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडरों का नगर निगम सर्वे कराएगा। इसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडरों व फुटपाथ विक्रेताओं का डाटा बेस तैयार करना है, ताकि उन्हें सरकार योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। मंगलवार को नगर निगम सभागार में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के एसयूएसवी घटक के तहत टाउन वेंडिंग समिति की संपन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि झारखंड पथ विक्रेता आजीविका संरक्षण और विनियमन योजना, 2017 के तहत राज्य सरकार से चयनित संस्था आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ-गवर्नमेंट, दिल्ली की ओर से तीन वर्ष समाप्त होने के कारण वैज्ञानिक पद्धति से नगर निगम अंतर्गत सभी नए-पुराने पथ विक्रेताओं का आनलाइन और आफलाइन सर्वे किया जाएगा। संस्था के उप निदेशक रवि कुमार ने सर्वेक्षण के लिए किए जाने वाले कार्य और उससे मिलने वाले लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि स्थायी व अस्थायी वेंडरों, साप्ताहिक बाजार, सांय कालीन बाजार, प्रात: कालीन बाजार, सब्जी बाजार, फल बाजार, स्टेशनरी, प्लास्टिक आदि का सर्वे विभाग से अनुमोदित प्रपत्र में किया ... सर्वे के क्रम में यह भी ... ली जाएगी कि पथ विक्रे... कौन-कौन सी योजनाओं ... मिल रहा है और कौन-... योजनाओं से उन्हें जोड़ा ... है। सर्वे के दौरान पथ वि... राशन कार्ड, बीपीएल का... कार्ड, आधार कार्ड, बै... पैन कार्ड की छाया प्रति ... नामिनी का फोटो आ... होगा।बैठक की अध्य... उप मेयर प्रकाश रा... सर्वे कार्य वार्डों में ... वेंडिंग समिति के स... संग्रहणकर्ता, सामुद... आदि की उपस्थि... कार्यक्रम के ...

## नये व पुराने स्ट्रीट वेंडर का होगा पुन: सर्वेक्षण



बैठक मे उपस्थित डिप्टी मेयर व अन्य. फोटो। प्रभात खबर

**प्रतिनिधि, गिरिडीह**

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को लेकर नगर निगम के सभागार में मंगलवार को बैठक हुई. अध्यक्षता डिप्टी मेयर प्रकाश राम ने की. ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट संस्था के उप निदेशक रवि कुमार ने स्ट्रीट वेंडर के पुन: सर्वेक्षण के लिए किये जाने वाले कार्य एवं उससे मिलने वाले लाभ के संबंध में चर्चा की. बताया कि स्थायी वेंडर, अस्थायी वेंडरों का सर्वे,साप्ताहिक, सायंकालीन, प्रात:कालीन, सब्जी बाजार, फल बाजार, स्टेशनरी, प्लास्टिक आदि का सर्वेक्षण विभाग द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में तैयार किया जायेगा. पथ विक्रेताओं को किन-किन सरकारी योजनाओं का लाभ मिल गया है और किन-किन योजनाओं से जोड़ा जायेगा इस पर भी चर्चा हुई. डिप्टी मेयर श्री राम ने योग्य पथ विक्रेताओं को लाभ दिलाने की बात कही. इसके लिए तमाम पहलुओं पर चर्चा की गयी. इसे लेकर प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया. बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक, ट्रैफिक इंचार्ज, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष समेत मो. इकबाल, दीपक साव, रवि कुमार आदि उपस्थित थे.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA